# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लॉक –3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

Email- slqaccg@gmail.com, Website – highereducation.cg.gov.in


क्र. 818 /234 /आउशि /गु.प्र./2025 नवा रायपुर, दिनांक : 03/07/ 2025

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालय,
   छत्तीसगढ़
2. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
   छत्तीसगढ़

**विषयः वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन (ONOS) में पंजीयन कराने बाबत्।**

------00------

उपरोक्त विषयान्तर्गत भारत सरकार द्वारा वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन (ONOS) प्रारंभ किया गया हैं, जिसका उद्देश्य देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को एकीकृत राष्ट्रीय सदस्यता के माध्यम से शोध पत्रिकाओं, शोध डेटाबेस, ई–पुस्तकों और शोध प्रकाशनों जैसे शैक्षणिक संसाधनों तक समान और समावेशी पहुँच प्रदान करना है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर लाइसेंसिंग की व्यवस्था की गयी है, जिसके कारण शैक्षणिक संस्थानों को अपने स्तर पर किसी प्रकार की राशि व्यय नहीं की जानी है।

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं राजकीय/निजी विश्वविद्यालयों का इसमे पंजीयन एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाना हैं। इस हेतु समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तत्काल **ONOS** नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए पंजीयन की प्रकिया दिनांक 07.07.2025 तक अनिवार्यतः कराना सुनिश्चित करें। पंजीयन की जानकारी निम्नलिखित गूगल लिंक पर उपलब्ध कराएं।

राजकीय विश्वविद्यालय गूगल लिंक https://forms.gle/ioyrDLrZdkNPSpT6
निजी विश्वविद्यालय गूगल लिंक https://forms.gle/1J8X69pxGLUCtsDG6
महाविद्यालयों गूगल लिंक https://forms.gle/k5ws8V6RTNKMcrwY6

विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सुलभ संदर्भ हेतु **ONOS** के संबंध में समस्त जानकारी सूचना पटल पर प्रदर्शित करते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का भी पंजीयन कराना सुनिश्चित करने का दायित्व **ONOS** के नोडल का होगा।

(डॉ. संतोष कुमार देवांगन)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ.क्र. 819 /234 /आउशि /गु.प्र./2025 नवा रायपुर, दिनांक : 03 /07/ 2025

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन को सूचनार्थ।
2. सचिव, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर को निजी विश्वविद्यालयों से **ONOS** की पंजीयन की जानकारी दिनांक 10.07.2025 तक आई.टी. प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर को ईमेल आई.डी. itcellhedcg@gmail.com पर अनिवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग/बस्तर/अंबिकापुर को समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो से **ONOS** के पंजीयन की जानकारी एकत्रित कर संभागीय एकजाई जानकारी आई.टी. प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर को ईमेल आई. डी. itcellhedcg@gmail.com पर दिनांक 10.07.2025 तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

# ONOS (One Nation, One Subscription)

## 1. प्रस्तावना

भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 अगस्त, 2022 को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अमृत काल में हमारे देश में अनुसंधान और विकास के महत्व को रेखांकित किया गया था। उन्होंने इस अवसर पर "जय अनुसंधान" का आह्वान किया था। भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण से डिजिटल इंडिया तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भारत सरकार ने 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन (ONOS)' योजना प्रारंभ की है। यह एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को एकीकृत राष्ट्रीय सदस्यता के माध्यम से शोध पत्रिकाओं, शोध डेटाबेस, ई–पुस्तकों और शोध प्रकाशनों जैसे शैक्षणिक संसाधनों तक समान और समावेशी पहुँच प्रदान करना है।

## 2. ONOS की विशेषताएँ

- वैश्विक शैक्षणिक एवं शोध प्रकाशनों की एकल–विंडो द्वारा उपयोग की सुविधा प्रदान करना।
- Springer, Elsevier, Wiley, Taylor & Francis, Nature आदि जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशकों की उच्च शोध पत्रिकाओं का उपयोग प्रदान करना।
- संस्थागत या व्यक्तिगत लाइसेंस की बाध्यता के बिना मुक्त रूप से शोध पत्रों को डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान करना।
- विभिन्न विषयों में ई–पुस्तकें, डेटाबेस और पुरालेखों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- इसके अंतर्गत बहुविषयक सामग्री, जैसे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, कला, वाणिज्य, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के पाठ्य सामग्रियां उपलब्ध हैं।
- राष्ट्रीय स्तर पर लाइसेंसिंग की गयी है जिसके कारण शैक्षणिक संस्थानों को अपने स्तर पर किसी प्रकार की राशि व्यय नहीं की जानी है।

## 3. महाविद्यालयों में ONOS सदस्यता की आवश्यकता एवं लाभ

- **संसाधन अंतर को कम करना** – ग्रामीण एवं अर्ध–शहरी महाविद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाली शोध पत्रिकाओं तक पहुँच सीमित होते हैं जिसे ONOS से पूर्ण किया जा सकता है।
- **शोध अवसरों को सक्षम बनाना** – प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को अद्यतन शोध साहित्य की उपलब्धता।
- **शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार** – पाठ्यक्रम विकास, कक्षा शिक्षण और असाइनमेंट की बेहतर गुणवत्ता।
- **स्नातकोत्तर तथा पीएच.डी. शोधार्थियों को सहायता** – ONOS की सदस्यता से उन्नत शैक्षणिक अनुसंधान को बल मिलता है।
- **वित्तीय दक्षता** – प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अलग–अलग शोध पत्रिकाओं की सदस्यता लेने की आवश्यकता नहीं रहती।
- **यह पूर्णतः निःशुल्क है** – महाविद्यालय को किसी प्रकार की राशि देय नही है।

### 4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 से सामंजस्य

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षण संस्थानों को शोध और नवाचार के जीवंत केंद्र के रूप में विकसित करने पर बल देती है। ONOS द्वारा इसके निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करता है।

- **उच्च श्रेणी के ज्ञान तक सार्वभौमिक पहुँच** – सभी विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों को समान अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है।
- **अंतर्विषयक शोध को प्रोत्साहन** – विविध क्षेत्रों के शोध संसाधनों तक पहुँच प्रदान करता है।
- **समानता और समावेशन** – सभी संस्थानों को बिना भेदभाव के समान सुविधा देता है।
- **डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा** – शिक्षण और अनुसंधान के लिए डिजिटल वातावरण का निर्माण करता है।

### 5. शोध के क्षेत्र में महत्व

- **शोध उत्पादन में वृद्धि** – नवीनतम वैश्विक शोध सामग्री की उपलब्धता से प्राध्यापक तथा शोधार्थी उच्च गुणवत्ता वाले शोध कर सकते हैं।
- **नकल और पुनरावृत्ति में कमी** – अद्यतन एवं मौजूदा शोध साहित्य की पहुँच से मौलिकता सुनिश्चित होती है।
- **अनुदान प्रस्तावों में सहायता** – परियोजनाओं और शोध प्रस्तावों के लेखन में साहित्य समीक्षा मजबूत होती है।
- **नवाचार को प्रेरणा** – गुणवत्तापूर्ण शोध आधारित इनपुट्स से समाधान, पेटेंट और नवाचार संभव होते हैं।
- **NAAC/NBA/रैंकिंग में सहयोग** – शोध, प्रकाशन तथा नवाचार से जुड़े मानकों की पूर्ति होती है।

### 6. ONOS के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया

समस्त शासकीय (केंद्रीय एवं राज्य) उच्च शिक्षा संस्थान एवं केंद्र सरकार के अनुसंधान एवं विकास संस्थान ONOS में पंजीयन के लिए पात्र हैं। महाविद्यालयों द्वारा ONOS पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जायेगा। पोर्टल पर महाविद्यालय का पंजीयन एवं महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं विद्यार्थियों हेतु यूजर आईडी बनाने का दायित्व नोडल अधिकारी का होगा।


पंजीकरण के लिए संस्थान का नाम, AISHE कोड और संस्थान के नोडल अधिकारी के संपर्क विवरण की आवश्यकता होगी। नोडल अधिकारी संस्थान का नियमित ग्रंथपाल/सहायक प्राध्यापक (ग्रंथालय प्रभारी) होगा एवं सह नोडल अधिकारी के रूप में अतिथि ग्रंथपाल/अतिथि ग्रंथपाल सहायक को नामित किया जा सकता है। पंजीकरण के लिए संस्थान का AISHE कोड अनिवार्य है। जिन संस्थानों के पास AISHE कोड नहीं है उन्हें AISHE पोर्टल (https://aishe-gov-in/) पर AISHE कोड के लिए आवेदन करना होगा।

पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी के लिए संलग्न मैन्युअल का अवलोकन कर पंजीयन किया जा सकता है।

# How to do Institute Registration under ONOS?

Visit the official website of One Nation One Subscription (https://www.onos.gov.in/) and click on **How to Join?** Option for checking eligibility before registration. Then after click on **Register** and **Institute Registration**.


**The AISHE code is mandatory for the Institution Registration under ONOS.**





**(The list of eligible institutions provided by the Ministry of Education is incorporated into the ONOS website.)**

Enter the **AISHE code** of the Institute, captcha and Click on **Sign In**. The Librarian/Nodal Officers can register their institute as per the eligibility criteria.

For Example, Enter the AISHE code U-1234 which is associated with the Sikkim Skill University, details are shown in the screenshot below. This is a Private University and not eligible to enroll into ONOS Phase I.








Second Example, Enter the **AISHE code** of the Eligible Institute, captcha and Click on **Sign In**.






Fill all the mandatory **Institute Details** with the Librarian/ Nodal Officer's valid email and click on **get OTP over Email**. Enter the OTP received in email. Tick on the certification, enter the captcha and click on the **Register**.

**(The Librarian/ Nodal Officer's email is to be considered as the username for the Institute User Management Panel.)**




Click on **OK** to complete the registration process. The link has been sent to Librarian/Nodal Officer's email. Click on the **Link** received in the email and set the desired valid password.





[ONOS] Institute Registration

No Reply ONOS
To: ONOS Support

**This is an auto-generated email. Please DO NOT REPLY.**

Dear Sir / Madam,

Thank you for your registration of the ONOS Portal on behalf of your institute **INFLIBNET Centre**. Please note the login details for your institute as mentioned below:

**Institute Name:** INFLIBNET Centre


**Activation Link:** https://onos.gov.in/ums/reset-password?token=VAQ4qpG1mo3kLsYrWD3rFCR4U5NoYc8yZ0XQfTBUsc7t84qYNJtHxWKgqpYk


The reset link is valid for 10 minutes.

**Note:**We will be verifying your registration details and will communicate you for further details about ONOS resources Access.
The verification and access status can also be viewed once you login the the ONOS Portal.


For any further assistance, please contact us at support@onos.gov.in.

Enter the desired password with specific instructions. Click on **Reset Password** and **Ok**.






Enter the Librarian/Nodal Officer's email (username) & password and captcha for Institute Admin Login. Click on **Sign in**.





The Librarian/Nodal Officer can see the institute details and edit the institute details, Library Contact Details and Technical Person Details on Dashboard.




The Librarian/Nodal Officer can edit address, City, Pin code and Website only. Click on **Save**.




The Librarian/Nodal Officer can edit all the required Librarian's details. **Click on Save**.



The Librarian/Nodal Officer can edit all the required Technical's details. **Click on Save**.

